## एक नजर

### उद्यम क्रांति योजना में आवेदन आमंत्रित

**नर्मदापुरम** प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत युवाओं को स्वयं का उद्योग (विनिर्माण)/सेवा/व्यवसाय उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री लोन प्राप्त किये जाने हेतु परियोजना लागत राशि रूपये 50 हजार से राशि रूपये 50.00 लाख तक की परियोजना प्रस्तुत की जा सकती है। इसी प्रकार सेवा/खुदरा व्यवसाय क्षेत्र की इकाईयाँ स्थापित किये जाने हेतु परियोजना लागत राशि रूपये 50 हजार से राशि रूपये 25.00 लाख तक की परियोजना प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त योजना के लिए आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष, परिवार की वार्षिक आय राशि रूपये 12.00 लाख से अधिक नहीं होना चाहिये, आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्था का डिफाल्टर नहीं होना चाहिये। यदि आवेदक का परिवार आयकरदाता है तो उसकी पिछले तीन वर्षों की आयकर विवरणिका (Income Ta& Return) प्रस्तुत करनी होगी। आवेदक वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही नहीं होना चाहिये। योजनान्तर्गत सभी वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित ऋण Term Loan & Working Capital Loan पर 03 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान, अधिकतम 07 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) दिया जाएगा। ब्याज अनुदान की राशि प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के रूप में त्रैमासिक आधार पर प्रदान की जाएगी। योजना में गारंटी फीस (CGTMSE) प्रचलित दर पर अधिकतम 07 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) शासन द्वारा प्रदान की जाएगी। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नर्मदापुरम द्वारा बताया गया, कि उक्त योजनान्तर्गत आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित हैं। योजना का संचालन www .samast.mponline.gov. in पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

## कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं

### कमिश्नर के निरीक्षण में एसडीएम एवं तहसीलदार कार्यालय में कुर्सी, टेबल, कम्प्यूटर पर कर्मचारी मौजूद नहीं थे



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/25,सितम्बर,2025/** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी गुरुवार को अचानक एसडीएम कार्यालय इटारसी पहुंचे। कमिश्नर श्री तिवारी कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम कार्यालय में एसडीएम इटारसी सहित तहसीलदार इटारसी कार्यालय में अनुपस्थित मिले। एसडीएम कार्यालय के अधिकांश कर्मचारी भी कार्यालयीन समय पर कार्यालय से नदारत मिले। एसडीएम कार्यालय इटारसी के दो रीडर श्री शिवम पांडे एवं श्री विवेक शर्मा, एक कंप्यूटर ऑपरेटर अजय पटेल और एक प्यून सुनील पटेल कार्यालय समय में पर कार्यालय में उपस्थित थे। प्रातः 10:30 बजे तक एसडीएम कार्यालय में पदस्थ शेष कर्मचारी अनुपस्थित थे। यही हाल तहसीलदार कोर्ट का भी था जब कमिश्नर श्री तिवारी तहसीलदार कोर्ट इटारसी पहुंचे तो यहां मात्र एक कंप्यूटर ऑपरेटर और एक प्यून बैठे मिले। तहसीलदार इटारसी कार्यालय से अनुपस्थित थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समय पर कार्यालय में ना आने पर सख्त नाराज़गी जाहिर की और कहां की नियम अनुसार सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएंगे। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि कार्यालय समय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कार्यालय न पहुंचना और कार्यालय से अनुपस्थित रहना क्षमा योग्य नहीं है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समय पर कार्यालय में उपस्थित न रहने पर दूर दराज के गांव से आने वाले पक्षकारो एवं हितग्राहियों को अपना कार्य कराने में अत्यधिक समय लगता है एवं उन्हें अधिकारियों का इंतजार भी करना पड़ता है, जो शासन की मंशा के विरुद्ध है। उल्लेखनीय है कि कमिश्नर श्री तिवारी के कार्यालय से निकलते ही नायाब तहसीलदार हीरू कुमरे कार्यालय आते दिखाई दिए। इसके पश्चात कमिश्नर श्री तिवारी जनपद पंचायत कार्यालय केसला पहुंचे। जनपद पंचायत कार्यालय केसला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सुमन खातरकर एवं कार्यालय में पदस्थ 26 कर्मचारियों में से 16 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कमिश्नर ने इस पर सख्त नाराजगी जाहिर की और कहां की बार-बार हिदायत देने के बाद भी कर्मचारियों की कार्य पद्धति में कोई सुधार नहीं हो रहा है, जो शासन के उद्देश्यों, हितग्राहियों के समय पर कार्य हो जाने पर रुकावट पैदा कर रहा है। यह स्थिति किसी भी हाल में स्वीकार नहीं होगी। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि यदि अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचेंगे तो इसका सीधा असर कर्मचारियों पर पड़ता है और वह भी समय पर कार्यालय आने में लापरवाही बरतते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने आचरण में सुधार करें और समय पर कार्यालय आए। उन्होंने कहा कि वह एक बार फिर कार्यालय का निरीक्षण करने आएंगे तब ऐसी स्थिति देखने को न मिलें.

## आदिवासी समाज ने लिया बड़े आंदोलन करने का फैसला



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 25 सितम्बर** जनपद पंचायत केसला से जुड़े लगभग 15 गांवों में चल रही विस्तार योजना के विरोध में सर्व आदिवासी समाज संगठन ने बड़ा आंदोलन करने का फैसला किया है।

समाज का कहना है कि वे जंगल के मूल निवासी और रखवाले हैं, और विस्थापन के बाद भी सुविधाओं से वंचित रहते हैं। संगठन के मीडिया प्रभारी विनोद वारिवा ने बताया कि आदिवासी समाज इस योजना का लगातार विरोध कर रहा है और इस संबंध में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। अधिकांश आदिवासी परिवार पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करते हैं और उनका जंगल से गहरा संबंध है।आदिवासी समाज के नेता फागराम सेलूकर और तारा वरकड़े ने बताया कि समाज में इस योजना को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि इस विरोध को मुखर करने के लिए 8 अक्टूबर 2025 को नर्मदापुरम जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह निर्णय हाल ही में सीतापुरा गांव में आयोजित समाज की बैठक में लिया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में न सिर्फ नर्मदापुरम, बल्कि बैतूल और हरदा जिलों से भी बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे।

## कटाई के बाद जागा प्रशासन

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 25 सितम्बर** जिले में वन विभाग के अधिकारी फील्ड पर जाकर देखने की फुर्सत बहुत ही कम मिल पाती है. पूरा काम बीट गार्ड के भरोसे कर लेते हैं. पिछले माह छीपीखापा क्षेत्र में सागौन की अवैध कटाई हुई थी उसको लेकर विभाग के उपर आरोप लगने में देरी नहीं हुई. मामले को शांत कराया गया लेकिन कुछ दिन पूर्व फिर वह उठ गया. उसको देखते हुए वन मंडल अधिकारी ने जिले के सभी कर्मचारियों को बुलाकर इटारसी परिक्षेत्र सुखतवा परिक्षेत्र में फर्नीचर दुकानों की जांच की जा रही है. जिसमें लगभग 4 फर्नीचर मार्टो को सील कर दिया गया है जिसमें प्रमुख रूप से शिवा फर्नीचर, गुजराती भवन के पास, पप्पा मालवीय मालवीयगंज, और एक आसफाबाद मोहल्ले के पास तथा सुखतवा में आरएन फर्नीचर, का बताया जा रहा है जिस पर भारी मात्रा में चिरान के साथ मशीनें व बना हुआ फर्नीचर भी टीम ने आकर जब्त कर लिया. बताया जाता है कि यह कार्यवाही आगामी दिनों में भी लगातार चलेगी. फर्नीचर मार्ट के सभी दस्तावेजों की जानकारी ली जावेगी जिसमें लेखाकार्य के अलावा शासन को दी जाने वाली राशि व अन्य आवश्यक दस्तावेजों को साथ में रखकर फर्नीचर दुकान चलाएं. तभी उनका मान्य होगा. नहीं तो विभाग द्वारा ऐसे फर्नीचर वालों के लायसेंस निरस्त कर दिये जावेंगे.

**इनका कहना है कि**

हमारे द्वारा फर्नीचर दुकानों की जांच की गई जिसमें कुछ दुकानों के पास पंजीयन की कॉपी एवं अन्य दस्तावेज न होने के कारण जांच कर आपको बताएंगे. **एसडीओ, वन विभाग**

## 90 वाहनों की जांच में 81 हजार वसूले

**नर्मदापुरम/25,सितम्बर,2025** / विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत नर्मदापुरम में टैक्स बकाया वाहनों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रिंकु शर्मा के नेतृत्व में प्रभारी संभागीय सुरक्षा स्क्वाड श्री हिमांशु जैन एवं टीम द्वारा इस अभियान को क्रियान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि परिवहन नियमों एवं इससे जुड़े कराधान अधिनियम/नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 22 सितम्बर 2025 से 05 अक्टूबर की अवधि में एक विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत वाहनों की जांच हुई

## नपा ने श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 25 सितम्बर** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर आज नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' विशेष अभियान चलाया गया।

यह श्रमदान कार्यक्रम सुबह 8 बजे सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल के पास आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस अभियान में क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीलेश कुमार शर्मा, तहसीलदार शक्ति सिंह



तोमर, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, और मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पतंजलि सेवा समिति के सदस्यों और वरिष्ठ नागरिक मंच के नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान कर अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर, सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नागरिकों से अपील की कि वे सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन इस स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें और इटारसी को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें।

## भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई

**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती आज नगर मंडल इटारसी द्वारा बूथ क्रमांक 211 पर मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के पितृ पुरुषों के बलिदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, मंडल महामंत्री शैलेंद्र दुबे आदि थे.

## सलकनपुर तक निकलेगी साइकिल रैली

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 25 सितम्बर** स्वास्थ्य और पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिलिंग ब्रदर्स इटारसी ग्रुप के द्वारा पेडल पॉवर साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 27 सितंबर 2025, शनिवार को होगा। साइकिल रैली की शुरुआत बूढ़ी माता मंदिर से सुबह 6 बजे होगी। ग्रुप के सदस्य पंकज राउत ने बताया कि रैली बूढ़ी माता मंदिर से प्रारंभ होकर भीलाखेड़ी, डोलरिया, धमासा, चौतलाय, आंवली घाट होते हुए सलकनपुर पहुंचेगी। आने जाने में लगभग 100 किमी की दूरी साइकिलिस्ट तय करेंगे। ऐसे साइकिल चालक जो लंबी दूरी तय नहीं कर सकते हैं, वे 5 या 10 किमी से वापस लौट सकते हैं। रैली में आने वाले साइकिल चालकों को थकान होने पर बाइक से जाने का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। इससे रोटेशन में थोड़ी थोड़ी दूरी तक सभी साइकिल चला सकते हैं। साइकिलिंग ब्रदर्स ग्रुप के संयोजक सौरभ दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें सक्रिय जीवन शैली अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना है। इसीलिए लंबी दूरी से भयभीत न होते हुए साइकिल रैली में जरूर शामिल होना चाहिए। जितना सामर्थ्य हो उतना रैली में भाग लेने का विकल्प खुला हुआ है। जानकारी के लिए फोन नंबर 7999323187 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एनएसएस दिवस पर प्रोत्साहित किया

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में बालिका इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर पूजन कर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजली अर्पित की गई।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एसके मेहरा द्वारा छात्राओं को समाजसेवा हेतु प्रोत्साहित किया। पूर्व एनएसएस अधिकारी डॉ.राजीव माहेश्वरी ने एनएसएस के उद्देश्यो पर प्रकाश डाला एवं स्वयं सेवा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।महाविद्यालय की पूर्व स्वयं सेविका निशिता जवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी

## वैश्य समाज की बैठक में पहुंचे पूर्व गृहमंत्री




**नवभारत न्यूज**

**सिराली।** गुरुवार को वैश्य समाज की तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन सिराली में किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता शामिल हुए। उनके साथ समाज के वरिष्ठजन एवं विशिष्ट अतिथि केशव बंसल, सुरेंद्र जैन, आलोक गोयल, आदित्य अग्रवाल और दीपक नेमाभी उपस्थित रहे। बैठक में पहुंचने पर अतिथियों का समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागतकर्ताओं में लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, राजू माहेश्वरी, यतिन अग्रवाल, कान्हा अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, राजू मा हेश्वरी और शकुंतलाअग्रवाल एवं वैश्य समाज महिला मंडल सहित समाज के कई सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर बैठक के बीच श्याम माहेश्वरी का जन्मदिन भी हर्षोल्लास से मनाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। बैठक में समाज की एकजुटता, सामाजिक उत्थान और युवाओं को संगठित कर उन्हें समाज सेवा से जोड़ने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में समाज को और मजबूती देने के लिए कई निर्णय भी लिए गए।

## पदयात्री श्रद्धालुओं को कराया जलपान



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 25 सितम्बर** नवरात्रि के पावन अवसर पर, माता बिजासन देवी मैया सलकनपुर जाने वाले पदयात्री श्रद्धालुओं की सेवा के लिए इटारसी में यादव समाज की युवा टीम ने एक सराहनीय पहल की। आज कृषि उपज मंडी के पास, युवा टीम द्वारा एक टेंट लगाकर श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार वितरण किया गया। युवाओं ने स्टॉल लगाकर माता रानी के भक्तों को नाश्ता और जलपान उपलब्ध कराया। इस सेवा के दौरान डीजे पर माता रानी के भजन चलाए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्वल्पाहार ग्रहण करने के बाद पदयात्री श्रद्धालु उत्साह और ऊर्जा से भरकर 'जय माता की' के नारे लगाते हुए अपनी यात्रा पर आगे बढ़े। समाज के युवाओं की यह पहल दर्शाती है कि त्योहारों के दौरान सेवा और भक्ति का भाव किस प्रकार सामाजिक समरसता को मजबूत करता है। इस निस्वार्थ सेवा कार्य के लिए यादव समाज की टीम की खूब सराहना की।

## शराब के अवैध विक्रय के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा, 25 सितम्बर** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री ए. एस. बघेल एवं श्री डी एस चौहान के नेतृत्व में आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु छापामार कार्यवाही की।

जिला आबकारी अधिकारी श्री भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा क्षेत्र के जलसा ढाबा, राजपूत ढाबा, दरबार ढाबा, बैरागढ़, सरदार मोहल्ला, पीलियाखाल, नयागांव, पोखरनी, नांदरा व टिमरनी में दबिश देकर कुल 24 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 13 पाव देशी शराब एवं 430 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किये।

## पुलिस ने नगर में दो अपराधियों का निकाला जुलूस



**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 25 सितम्बर** माखन नगर पुलिस द्वारा दो अपराधियों का नगर में जुलूस निकाला गया। ए एस आई अशोक बरबड़े ने बताया कि अपने साथी से शराब पी कर अड़ी बाजी करने एवं चाकू से हमला करने वाले आरोपी आकाश कहार एवं जुआ खिलाने वाले आरोपी लूसी तिवारी का पुलिस द्वारा नगर में जुलूस निकाला गया। पुलिस ने न्यायालय से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**पिपरिया** युवा कांग्रेस द्वारा किसानो के मूंग के भुगतान को लेकर तहसीलदार के नाम एक ज्ञापन सौपा। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मनीष पटेल निभौरा एवं कांग्रेस नेता आनंद गूर्जर के नेतृत्व में भुगतान में विलंब हेतु एक ज्ञापन सौंपा.

## औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र का छात्रों ने किया भ्रमण

**पिपरिया** सांदीपनि विद्यालय के छात्र छात्रा शासकीय आईटीआई औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र नर्मदापुरम स्कूल बस द्वारा पहुंचे। व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेडआईटी अपेरल के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण करवाया था जिसमें प्राचार्य संजीव कुमार दुबे एवं नोडल मनीष जैन के द्वारा मार्गदर्शन किया।

व्यवसायिक प्रशिक्षक नेहा शर्मा, शाहिन खान,प्रदीप गुप्ता द्वारा बस से छात्र छात्राओं को शासकीय आईटीआई औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र नर्मदापुरम स्कूल बस द्वारा ले जाया गया जिसमें यहां 15 ट्रेड संचालित है। विभिन्न ट्रेड के शिक्षक द्वारा संचालित ट्रेड के बारे में जानकारी प्रदान की गई। वहां पर शिक्षिका वर्षा पटेल ओर दीपिका खटीक के द्वारा अपेरल लेब,फेशन डिजाईन,लेब कपड़े कटिग, पीको फाल, एमराईडी, कढाई, औद्योगिक मशीन में कार्य कैसे करते है आदि की जानकारी प्रदान की.

## प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर आस्था का केंद्र



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 25 सितम्बर** सिवनी मालवा का प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर आस्था का केन्द्र है। इसे शेर बाला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। शारदीय नवरात्र पर मन्दिर में 251 कलश के साथ ज्वारे और दीप प्रज्वलित हो रहे है। यहां भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर में सुबह से जल चढ़ाने वाले महिला पुरष भक्तों की भीड़ रही है। मातारानी के जयकारों के साथ ही सुबह शाम आरती में और मातारानी के दर्शन करने वाले भक्तों की भीड़ लग रही है। मंदिर में मनमोहक दुर्गा प्रतिमा स्थापित है। आस्था का केन्द्र माने जाने वाले प्राचीन मंदिर में दूर-दूर से लोग दर्शन करने आते है और सुख और समृद्धि के लिए मन्नतें मानते है माता पलभर में भक्तों की इच्छा पूरी करती है। भक्तों का मानना है कि यहां दर्शन कर जो भी मांगा जाता है मातारानी उनकी सभी मनोकामना पूर्ण करती है और भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने पर भंडारा, प्रसादी, भजन कीर्तन, अन्य धार्मिक कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। मंदिर पुजारी पहलाद तिवारी ने बताया कि मंदिर में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना के साथ ही 251 घट ज्वारे की स्थापना कराई गई है और विद्वान पण्डितों के द्वारा शतचण्डी के 51 पाठ हो रहे। प्रतिदिन कन्या भोजन कराया जा रहा। उन्होंने बताया कि पंचमी को माताजी को बीड़ा चढ़ेगा। अष्टमी तिथि के दिन हवन पूर्णाहुति एवं महाआरती होगी।

## वन विभाग की टीम ने सुअर का मांस जप्त किया

**पिपरिया** वन विभाग द्वारा वनपरिक्षेत्र पिपरिया के अंतर्गत कर्मचारियों के संयुक्त दल ने जंगली सूअर का पका हुआ मांस जप्त किया। सतपुडा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम की उपसंचालक के निर्देश पर सहायक संचालक आशीष खोवरागडे के मार्गदर्शन में वनपरिक्षेत्र अधिकारी मटकुली तथा वनपरिक्षेत्र अधिकारी पिपरिया बंफर के अधिनस्थ कर्मचारियों के संयुक्त दल द्वारा पारदी डेरा बरूआढाना के निरीक्षण के दौरान चुरका स्कूल के पास एक मोटरसाईकिल पर दो महिला एवं एक पुरूष पारधी आते हुए दिखाई दिये उनको रोककर पूछताछ की गई.

## रामलीला में लक्ष्मण परशुराम संवाद का किया मंचन



**नवभारत न्यूज**

**माखननगर** नवयुवक रामलीला मंडल माखन नगर द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में बुधवार को परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया गया। जिसमें लक्ष्मण परशुराम के तीखे संवाद चले शिव का धनुष तोड़ने के अपराध में भगवान राम पर क्रोधित होता देख लक्ष्मण भाई बचाव में मुनि परशुराम से गुस्से में बोले कि क्षत्रीय योद्धा अपमान नहीं सह सकते हैं वहीं बालक का का यह व्यवहार एवं संवाद सुन परशुराम भी क्रोधित हो गए विवाद बढ़ता देख चतुराई से शिव धनुष तोड़ने वाला भी कोई आपका सेवक ही होगा मुनिराज जैसे संवादों से उनका गुस्सा शांत किया।

वहीं साथ ही राम विवाह लीला का मंचन किया गया। थाना प्रभारी मदन पवार, स्टाफ एवं नगर वासियों द्वारा माता सीता व भगवान राम के पांव पखारे। आज शूर्पणखा के नाक कान काटना व खर दूषण वध की लीला का मंचन किया जाएगा।